Seat No. : _______________

# AE-143

**April-2015**

## T.Y.B.A.

## Hindi : Paper – VIII (Optional)

**(उपन्यास, नाटक, एकांकी)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**निर्देश** :
(1) प्रश्न के आगे अंक लिखे हैं ।
(2) प्रत्येक नया प्रश्न नये पृष्ठ पर लिखें ।
(3) प्रश्नक्रमांक सही लिखें ।
(4) लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में लिखें ।

1. संदर्भ देकर व्याख्या कीजिए : **21**

(अ) "हमारा शरीर कोमल है, तो क्या हुआ ? हम पीड़ा सह सकते हैं । एक बाण प्राण ले सकता है, तो ऊँगलियों का कोमल स्पर्श प्राण दे भी सकता है ।"

**अथवा**

"............ तुम चाहते हो इस समय मैं यहाँ से चला जाऊँ । मैं चला जाता हूँ । इसलिए नहीं कि तुम आदेश देते हो । परंतु इस लिए कि तुम आज यहाँ अतिथि हो, और अतिथि की इच्छा का मान होना चाहिए ।"

(ब) "गाँव के लोग ठीक ही कहते थे – पाकिस्तानी टोला में एक ही बंगालिन है, बाकी सब अरजल-खरजल । एक झुण्ड वनकौडों और वनकौओं के बीच एक........एक हंस ?"

**अथवा**

"हम लोगों का भाग्य अच्छा है कि इस जिले में हमें बसाया गया । यहाँ धान और पाट की खेती होती है, हम भी अपने देश में धान और पाट की खेती करते थे । यहाँ के लोग भी मछली-भात खाते हैं .......... सब कुछ अपने देश जैसा है ।"

(क) "कर्तव्य का पालन करते हुए मरना यदि आदर्शवाद है, तो मैं कहूँगा कि विश्व के प्रत्येक नागरिक को ऐसा ही आदर्शवादी होना चाहिए ।"

**अथवा**

"वह चाहती है कि उसका पति उसके पास रहे । उसके सिरहाने बैठे, उसकी देख-भाल करे और सबसे बढ़कर उसे तसल्ली दे । उसे बताये कि वह उसके साथ है, चाहे दुनिया उसका साथ छोड़ दे ।"

2. 'मल्लिका और प्रियंगुमंजरी के चरित्र में विरोधाभास हैं' – क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **12**

**अथवा**

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में इतिहास और कल्पना का सुंदर समन्वय हुआ है – सिद्ध कीजिए ।

3. ‘जुलूस’ उपन्यास मध्यमवर्गीय समाज जीवन का यथार्थवादी चित्रण है । – इस कथन के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । **12**

**अथवा**

‘जुलूस’ उपन्यास के आधार पर पवित्रा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

4. संक्षेप में लिखिए : **10**

(क) ‘दीप-दान’ एकांकी में संवाद-योजना ।

**अथवा**

‘ऊसर’ एकांकी का शीर्षक ।

(ख) ‘खिड़की की राह’ एकांकी का दिलीप ।

**अथवा**

‘बादल आ गये’ एकांकी का सारांश ।

5. सूचनानुसार उत्तर दीजिए :

(अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **5**

(1) पवित्रा किन-किन नामों से पहचानी जाती थी ?

(2) पवित्रा के नाम मनीऑर्डर किसने भेजा था ?

(3) मोहन राकेश के प्रमुख उपन्यासों के नाम बताइए ।

(4) कालिदास का विवाह किससे होता है ?

(5) हरिणशावक को किसने बाण मारा था ?

(ब) सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **5**

(1) ________ ‘रेणु’ लिखित एक कहानी संग्रह है ।
(दीर्घतया, रसप्रिया, ठुमरी)

(2) तालेवर गोढ़ी अपने जमाने का मशहूर _______ था ।
(तमोगुणी, ओझागुणी, अधोगुणी)

(3) सुनो, राजनीति में कुछ भी ________ नहीं हैं ।
(संभव, सार्थक, असंभव)

(4) मल्लिका का जीवन उसकी अपनी ________ है ।
(संपत्ति, आपत्ति, वेदना)

(5) ‘आषाढ़ का एक दिन’ नाटक _______ अंकों का हैं ।
(दो, तीन, चार)

(क) सही जोड़े मिलाइए : **5**

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| (1) | दीप-दीन | - | विष्णु प्रभाकर |
| (2) | ऊसर | - | जगदीशचन्द्र माथुर |
| (3) | पापी | - | डॉ. सरन |
| (4) | सीमा-रेखा | - | श्री भुवनेश्वर |
| (5) | बादल आ गये | - | पन्ना |
| | | - | शांतिलाल |

_________

Seat No. : _______________

# AE-143

**April-2015**

## T.Y.B.A. (Annual Pattern)

## Hindi : Paper – VIII (Optional)

## (विशिष्ट साहित्यकार – मन्नू भंडारी)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. उपन्यास-कला के तत्त्वों के आधार पर 'आपका बंटी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । **12**

**अथवा**

'महाभोज' उपन्यास का सारांश लिखिए ।

2. मन्नू भंडारी की कहानियों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **12**

**अथवा**

'सजा' कहानी में एक मध्यवर्गीय परिवार की दुर्दशा का दयनीय चित्र प्रस्तुत किया गया है । समझाइये ।

3. संक्षेप में लिखिए : **10**

(अ) 'आपका बंटी' उपन्यास का अंत

**अथवा**

सुकुल बाबू

(ब) सोमा बुआ

**अथवा**

'आते-जाते यायावर' का उद्देश्य

4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **21**

(अ) "पिछली बार पापा जिस दिन आये थे, उसी दिन उसका रिज़ल्ट निकला था । कितने खुश हुए थे पापा उसका रिजल्ट देखकर ! खूब प्यार किया था, शाबाशी दी थी ।"

**अथवा**

"यह सम्बन्ध ही ऐसा है कि लाख लड़-भिड़ लो, अलग रहने लगो, पर कहीं न कहीं आशा का एक तन्तु जुड़ा ही रह जाता है ।"

(ब) "गाँव के अधिकतर लोगों के लिए यह सारा तमाशा जुम्मन पहलवान के अखाड़े में होने वाली कबड्डी से कम दिलचस्प नहीं ।"

**अथवा**

"आवेश राजनीति का दुश्मन है ।"

(स) “यह क्षण, यह प्रेम, यह अनुभूति यही सच है, वह सब झूठ था ।”

**अथवा**

“पर तुम्हीं बताओ क्या करूँ, महँगाई का तो कोई ठिकाना नहीं । तीन बच्चों और अपना पेट कैसे भरती हूँ, मैं ही जानती हूँ ।”

5. सूचनानुसार उत्तर दीजिए : **15**

(अ) सही विकल्प चुनिए :

(1) मन्नू भंडारी का जन्म _______ में हुआ था ।
(मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश)

(2) ‘बिना दीवारों का घर’ मन्नू भंडारी का बहुचर्चित _______ है ।
(उपन्यास, संस्मरण, नाटक)

(3) मन्नू भंडारी का समूचा साहित्य लगभग _______ की ट्रेजेडी है ।
(अकेलेपन, बचपन, दोहरेपन)

(4) ‘आपका बंटी’ _______ उपन्यास है ।
(राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक)

(5) _______ की कुर्सी पर बैठी ममी अच्छी नहीं लगती ।
(स्कूल, गार्डन, प्रिंसिपल)

(6) ______ के बाप का नाम हीरा है ।
(बिसू, महेश, पुत्तन)

(7) बिसू ______ जाने के लिए पागल हो रहा था ।
(कलकत्ता, आगरा, दिल्ली)

(8) ‘मजबूरी’ कहानी की नायिका ______ है ।
(रमा, नर्बदा, बूढ़ी अम्मा)

(9) ‘बन्द दराजों का साथ’ _______ कहानी है ।
(सकारात्मक, निषेधात्मक, प्रतीकात्मक)

(ब) उचित जोड़े मिलाइए :

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| (1) | अजय | (a) | मिस्टर सिन्हा |
| (2) | शकुन | (b) | नई नौकरी |
| (3) | शिक्षामंत्री | (c) | मीरा |
| (4) | डी.आई.जी. | (d) | एखाने आकाश नाइं |
| (5) | लेखा-दिनेश | (e) | लोचन मैया |
| (6) | कुन्दन-रमा | (f) | डाक्टर जोशी |